
# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 13/06/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Jagat Kranti, Jaipur, (RAJ)**

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने महाराजा कॉलेज में किया योगाभ्यास कार्यक्रम



**जगत क्रान्ति**

जयपुर। राजधानी जयपुर के महाराजा कॉलेज में रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार की ओर से चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से महाराजा कॉलेज में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप कमाण्डेन्ट हरि नारायण मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित जवानों और आमजन को योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया। साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया। आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पुरी और वाहिनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही रतिराम ने सभी कार्मिकों को योगाभ्यास करवाया।

**Dainik Jagran, Ranchi, (JKD)**

# उपद्रवियों पर कार्रवाई की तैयारी

- शहर में निषेधाज्ञा लागू, बंद रहीं दुकानें, नहीं चले वाहन, सड़कें वीरान
- अतिरिक्त आइजी-डीआइजी के अलावा 8 एसपी व 6 डीएसपी लगाए गए
- 3000 अतिरिक्त बल समेत सीआरपीएफ व रैफ की दो कंपनियां भी तैनात
- डा. अमिताभ कौशल व संजय लाठकर की टीम एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

जागरण टीम, रांची : रांची में उपद्रव व हिंसा की घटना के दूसरे दिन शनिवार को भी तनाव बरकरार रहा। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी और पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू होने की वजह से कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। पुलिस अब उपद्रवियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है। शनिवार को उपद्रवियों के खिलाफ शहर के तीन थानों में नौ प्राथमिकियां दर्ज की गईं। इनमें 26 नामजद व 10 हजार अज्ञात लोग आरोपित बनाए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज, तस्वीरों व वीडियो के माध्यम से दोषियों की पहचान की जा रही है।

उधर, शनिवार को भी संवेदनशील इलाकों में रैफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवान मार्च करते रहे। पूरे शहर में दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शहर भर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी समेत कई जिलों में निषेधाज्ञा लगाते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पूरे राज्य में पुलिस अलर्ट मोड पर है। इंटरनेट सेवा बंद रहने से अफवाह के प्रसार पर रोक लगी और कहीं तनाव नहीं भड़का।



रांची में शनिवार को संवेदनशील क्षेत्र कर्बला चौक के पास तैनात रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के जवान। इस दौरान शहर में विभिन्न क्षेत्रों में जवान फ्लैग मार्च करते रहे • जागरण

गोलीबारी में जिन दो युवकों की मौत हो गई थी, शनिवार को उनका अंतिम संस्कार हुआ। अनहोनी की आशंका को देखते हुए कब्रिस्तान व आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। इस बीच एक युवक के शव के साथ कुछ लोगों ने कर्बला चौक के पास प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया और स्थिति संभाली। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार के बवाल के दौरान पत्थरबाजी व गोलीबारी में दो लोगों की मौत और दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में आपदा प्रबंधन सचिव डा. अमिताभ कौशल व एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर शामिल किए गए हैं। दोनों अधिकारी जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेंगे।

**ड्रोन से रखी जा रही संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर:** झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से नजर रखी जा रही है। रांची जिले में एक अतिरिक्त आइजी, एक डीआइजी, आठ एसपी, छह डीएसपी, दस इंस्पेक्टर, 90 दारोगा, तीन हजार अतिरिक्त बल और रैफ व सीआरपीएफ की दो कंपनी को तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय में भी एक नियंत्रण कक्ष बना है, जहां से एडीजी अभियान व आइजी अभियान पूरे प्रदेश पर पल-पल की नजर रख रहे हैं। जो भी सूचना आ रही है, उसका सत्यापन कराया जा रहा है। उपद्रव में कुल 12 पुलिस पदाधिकारी-कर्मी जख्मी हैं, जिनमें से एक को गोली लगी है। उपद्रवियों में 11 पुरुष व एक महिला जख्मी थी, जिनमें से दो युवकों की मौत हो चुकी है।

**Dainik Bhaskar, Udaipurwati, (RAJ)**

# उदयपुरवाटी में रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों ने देखे सामुदायिक संवेदनशील स्थल, जुटाई जानकारी

भास्कर न्यूज | उदयपुरवाटी

शहर में किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव या दंगे की स्थिति भविष्य में बन जाए तो तुरंत एक्शन लेने व कारगर ढंग से नियंत्रण करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने शनिवार को उदयपुरवाटी शहर एवं इलाके का दौरा किया। जानकारी के अनुसार आरएएफ के सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा व रामजस यादव के नेतृत्व में करीब एक सौ जवानों ने उदयपुरवाटी पहुंचकर पूरे शहर की विभिन्न प्रकार की जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने सीएलजी व अन्य लोगों की बैठक लेकर समाज में अशांति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणों को जाना व इसके संबंध में डाटा कलेक्ट कर विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शांति व्यवस्था बनाने में त्वरित मदद कर सके इसके लिए भौगोलिक स्थितियों को देखा। आरएएफ की 83 बटालियन ने उदयपुरवाटी सीआई भंवरलाल कुमावत के साथ शहर व इलाके में फ्लैग मार्च किया तथा कई जगह लोगों से चर्चा की। बटालियन के अधिकारियों ने जन संख्या व सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा एवं बलवाइयों की सूची तैयार की। उन्होंने राजनीतिक दलों व समाज सेवी संगठनों की जानकारी प्राप्त की तथा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक चित्र भी बनाया। इस मौके पर पार्षद राजेंद्र मारवाल, अकरम मुगल, शंकरलाल शर्मा, विकास कुमार, भाजपा नेता यतेंद्र सैनी, बीएल सैनी आदि मौजूद थे।



उदयपुरवाटी. शहर के कुछ लोगों से जानकारी जुटाने के लिए चर्चा करते अधिकारी।

गुढ़ागौड़जी | सांप्रदायिक दंगों व प्राकृतिक आपदा आदि से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट है। इस कड़ी में शनिवार को पुलिस टीम व रैपिड एक्शन फोर्स ने मिलकर गुढ़ागौड़जी व केड में फ्लैग मार्च निकाला। थानाधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि बटालियन के कमांडेंट प्रवीण सिंह व सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा के निर्देशन में फ्लैग मार्च निकाल कर इलाकों का आंकलन किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों की जानकारी भी ली गई।

## Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF





YOGA SESSION ORGANISED BY 83BN IN MAHARAJA COLLEGE, JAIPUR.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।